दिनांक- 02.06.2025

थाना जायस जनपद अमेठी

# साइबर ठग द्वारा ब्लैक मेल कर ठगे गये 50,493/- रुपये को थाना जायस पुलिस द्वारा वापस कराया गया।

## घटना का संक्षिप्त विवरण-

आवेदक सौरभ सिंह पुत्र संतोष सिंह निवासी ग्राम जैतवारडीह पोस्ट थरवई थाना थरवई जनपद प्रयागराज वर्तमान पता आरजीआईपीटी बहादुरपुर थाना जायस जनपद अमेठी द्वारा साइबर हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करायी गयी थी कि साइबर अपराधी द्वारा दिनांक 13.10.2023 को वीडियो कॉल करके ब्लैक मेल किया और आवेदक से 99,000/-रुपये ट्रांसफर करवा लिया है। उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा थाना साइबर क्राइम एवं थाना जायस को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। प्रकरण के जांच के क्रम में **थाना जायस पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए धोखाधड़ी में संलिप्त बैंक खाते को Lien/Freeze कराते हुए पीड़ित के बैंक खाते में 50,493/- रुपये वापस कराये गये।**

## विवरण पुलिस टीम-

1. **थानाध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह थाना जायस जनपद अमेठी।**
2. **उ0नि0 अतेन्द्र प्रताप सिंह थाना जायस जनपद अमेठी।**
3. **कम्प्यूटर ऑपरेटर संजय मौर्य थाना जायस जनपद अमेठी।**

**साइबर अपराध घटित होने की स्थिति में साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 एवं *www.cybercrime.gov.in* पर अपनी शिकायत दर्ज करें।**